Jansatta, Delhi
Saturday, 28th September 2019; Page: 4
Width: 16.00 cms; Height: 39.29 cms; a3; ID: 7.2019-09-28.40

वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 27 सितंबर।

आइटीबीपी की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के तत्वाधान में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के लिए मानवाधिकार विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी भाषा श्रेणी में आयोजित हुई। देश भर में 8 जोन के अंतर्गत प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें से कुल 32 टीमों का चयन सेमी फाइनल राउंड के लिए किया गया। अंतिम मुकाबला बीपीआर एंड डी ऑडिटोरियम में सीएपीएफ की 08 टीमों के बीच हुआ। जिसमें आइटीबीपी से 2, असम राइफल्स से 2, सीआइएसएफ से 2, सीआरपीएफ से 1 और एनएसजी से 1 कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जस्टिस प्रफुल्ल चन्द्र पंत प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि तथा एसएस देसवाल डीजी आइटीबीपी विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर जयदीप गोविंद, महासचिव, एनएचआरसी, सुनील कृष्ण, पूर्व डीजी (अन्वेषण), एनएचआरसी तथा प्रोफेसर डॉ जीएस बाजपेई, प्रोफेसर व रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली इसके निर्णायक सदस्यों में शामिल थे।